



# मरते समय श्री राधे या श्रीराम निकल गया तो पहुंचे वैंकुठधाम

**इंदौर (आरएनएन)।** पावन सिद्ध धाम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान छत्रीबाग में श्रीमद भागवत कथा यज्ञ के तृतीय दिवस पर दिव्य आयोजन पर शुभारंभ अवसर स्वामी श्रीश्रीनिवासाचार्य महाराज जिनका तिरुनक्षत्र महोत्सव पर यह आयोजन रहा है। उनके चित्र पट का पूजन किया गया तत्पश्चात नागोरिया पीठाधिपति स्वामी विष्णुप्रपंनाचार्य महराज के साथ उज्जैन अवंतिका पीठ के श्रीमद जगद्गुरू श्रीरंगनाथाचार्य महाराज, स्वामी त्रिविक्रमाचार्य के साथ ही डागा परिवार ने व्यास पीठ का पूजन किया।

व्यास पीठ पर विराजित वैष्णवचार्य गोस्वामी श्रीपुण्डरीक महाराज ने श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान छत्रीबाग में चल रही श्रीमद भागवत कथा में कहा कि दो चीजें सदैव व्यक्ति मनाता है कुछ लोगों का जन्मोत्सव होता है उनके जीवन के समय मे भी उनका जन्मोत्सव मुख्य है और चले जाने के बाद भी जन्मोत्सव मुख्य है जिसका आना स्वयं एक बहुत बड़ी करुणा है उसके जीवन पर भी विस्तार नही करते हुए उसका जन्म ही उत्सव है ओर उनकी मृत्यु भी उत्सव है। जिसके जन्म में ही हित छिपा हो ऐसे संत का तिरुनक्षत्र महोत्सव देवस्थान में मनाया जा रहा है। कई वैष्णवों की मृत्यु भी उत्सव है उनका जीवन सामान्य है स्वयं रावण का विचार करो तीर लगने के बाद रावण शरीर का परित्याग कर रहा है सामने प्रभु श्री राम खड़े हैं। यदि अन्त समय मे भगवद नाम निकल जाए समझ लो सारे काम हो गए मरते समय मुख से श्री राम, श्री राधे निकल गया तो यमदूत उन्हें प्रणाम करके चले जाते है और विष्णु दूत उत्सव मनाते हुए उन्हें वैकुंठ में प्रवेश कराते है। कौन कहता है शवयात्रा जा रही है वैष्णवो का तो डोला निकलता है जीवन में जन्मोत्सव और मृत्यु उत्सव तब होगा यदि जीवन उत्सव है ओर ये भागवत जीवन को ही उत्सव में मनाने का स्वरूप है। तृतीय दिवस के कथा समापन पश्चात आरती कर गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर दिनेश डागा, अशोक डागा, महेश तोतला आदि उपस्थित थे।

जानकारी देते पंकज तोतला ने बताया कि शनिवार 25 मई चतुर्थ दिवस पर श्रीमद भागवत कथा का आरम्भ पुनः दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें प्रभु श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव के साथ ही नंद महोत्सव के साथ ही श्रीमदभागवत की शिक्षाप्रद संदेश महाराज द्वारा उदबोधित होगी।

# बाक्स क्रिकेट प्रीमियर लीग का आगाज



स्पर्धा का शुभारंभ मनीष गोधा, श्रीमती मीना झांझरी, कमल काला, किरण रांवका, सुरेन्द्र मोदी व नीरज मोदी के आतिथ्य में किया गया।

**इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क**

अखिल भारतीय पुलक जन चेतना मंच युवा प्रकोष्ठ द्वारा बड़ा गणपति स्थित मोदी जी की नसिया में बाक्स क्रिकेट प्रीमियर लीग चैंपियनशिप का रंगारंग आगाज हुआ। शुरुआती दौर में विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन कर अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया।

स्पर्धा का शुभारंभ मनीष गोधा, श्रीमती मीना झांझरी, कमल काला, किरण रांवका, सुरेन्द्र मोदी व नीरज मोदी के आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर कैलाश वेद, निर्मल कासलीवाल, इंद्रकुमार सेठी व राजीव जैन विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। शुभारंभ के दौरान आकर्षक मार्च पास्ट हुआ तथा खिलाड़ियों को शपथ भी दिलाई गई। इस स्पर्धा में दिंगबर जैन समाज की 32 टीमों के साथ 8 मंदिरों की टीमें भी अपनी चुनौती पेश कर रही है। स्पर्धा के मुकाबले दूधिया रोशनी में खेले जा रहे है, और दर्शकों के लिए बड़ी एलईडी स्क्रीन के साथ आकर्षक कमेंट्री भी चिराग जैन व अंकुर लुहाडिया द्वारा की जा रही है। शुभारंभ समारोह का संचालन प्रदीप बड़जात्या ने किया तथा आभार पीयूष रांवका ने माना। यह स्पर्धा 26 मई तक आयोजित की जा रही है।




## चीन एवं सिंगापुर में दी प्रस्तुति

**इंदौर।** नामक कार्यक्रम का आयोजन चीन एवं सिंगापुर में हुआ। जहां पर चीन एवं भारत के दिग्गज कलाकारों ने एक ही रंगमंच पर संगीत एवं नृत्य के माध्यम से अपनी कला का आदान प्रदान किया। इस आयोजन में मध्यप्रदेश रत्न डॉ. गुरु रागिनी मखखर ने अपने नृत्य एवं घुंघरू के नाद से इस आयोजन में भारत का परचम लहराया। इस कार्यक्रम में रागिनी ने चीन में अपनी कथक प्रस्तुति के ज़रिए शिव एवं शक्ति को समझाया एवं चीन को भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति से रुबरु कराया। एवं रागिनी मख्खर को चीन सरकार न स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। भारत से प्रस्तुति देने वाले मुख्य साथी कलाकार में पखावज पर पं. गोविंद भिललारे, सितार पर-मंदार श्रीपद नामजोशी एवं सरोद पर- गुरूशरन सिंह शामिल रहे।

## प्रशासन को कोचिंग इंस्टिट्यूट की जांच करना चाहिए

**इंदौर।** कांग्रेस प्रदेश सचिव राकेशसिंह यादव ने कहा कि सूरत में हुए आग से कोचिंग में बच्चों की मौत से इन्दौर प्रशासन को सबक् लेकर कोचिंग इंस्टिट्यूट की बिल्डिंगों की जांच करना चाहिए। उन्होंने कहा शहर में भी कोचिंग में हज़ारों बच्चे कभी भी हादसे का शिकार हो सकते हैं। इस मामले में ज़िला प्रशासन को सख्त कार्यवाही करके जॉच की जाना चाहिए। बच्चों के साथ भविष्य में किसी भी तरह की दुर्घटना न हो इसके लिए प्रत्येक कोचिंग बिल्डिंग में फ़ायर की व्यवस्था होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को गुजरात के सूरत की एक इमारत में भीषण आग लग गई। जान बचाने के लिए लोग ऊपर की मंजिलों से कूद गए। इस हादसे में कई बच्चों की जान चली गई।

# दिव्यांग एवं अभावग्रस्त बालिकाओं को मिली प्रथम श्रेणी

## बहुउद्देशीय सेवा समिति में मनाया 6 छात्राओं की सफलता पर उत्सव




**इंदौर (आरएनएन)।** बहुउद्देशीय सेवा समिति द्वारा दिव्यांग एवं अभावग्रस्त बालिकाओं की शिक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाता है। इस वर्ष 10 वीं एवं 12 वीं में अध्ययनरत बालिकाओं ने फर्स्ट डिवीजन के साथ परीक्षा पास की है। इन बालिकाओं की सफलता को संस्था ने उत्सव की तरह मनाया और बालिकाओं के साथ ही पूरे आश्रम में मिठाई बांटी गई।

संचालिका संतोष सक्सेना ने बताया कि वर्तमान में आश्रम में 70-80 बालिकाएं हैं। इनमें अभाव ग्रस्त,बेसहारा एवं दिव्यांग बालिकाएं भी शामिल हैं। आश्रम में लाने के बाद इनका पूरा रिकार्ड रखा जाता है। इनके रहने-खाने पीने की व्यवस्था के साथ ही इनकी शिक्षा का भी पूरा इंतजाम किया जाता है। आश्रम की कई बालिकाएं निजी स्कूलों में भी अध्ययनरत हैं,उनका खर्च समिति द्वारा ही उठाया जाता है। इस वर्ष 10 वीं एवं 12 वीं में प्रथम श्रेणी में पास होने वाली बालिकाओं में सुनीता मेहड़ा,आरती मंडलोई,निकिता सोलंकी,ममता डाबर,मधु,रीना एवं कविता प्रमुख हैं। इनकी सफलता पर आश्रम की सभी बालिकाओं को मिठाई वितरित कर उत्सव मनाया गया। उल्लेखनीय है कि कुंदननगर में स्थित बहुउद्देशीय सेवा समिति में कई बेसहारा महिलाओं को भी सहारा दिया जाता है। इसके साथ ही कई निर्धन परिवार जो बालिकाओं का पालन पोषण करने में सक्षम नहीं होतें वे भी अपनी बालिकाओं को यहां छोड़ जाते हैं। आश्रम में धार,झाबुआ सहित ग्रामीण अंचलों की बालिकाएं हैं।

# पिपल्याहाना से बंगाली आने वाले वाहन के लिए बनाया नया सर्विस लेन



## फ्लाइओवर ब्रिज निर्माण के दौरान भारी वाहन का यातायात बंद करने हेतु अनुरोध

**इंदौर (आरएनएन)।** इंदौर शहर में रिंग रोड बंगाली चौराहे पर फ्लाइओवर ब्रिज निर्माण कार्य प्रगतिरत है। इस निर्माण कार्य का अनुबंध 22 सितंबर 2018 को मेसर्स कार्तिक इंटरप्राइजेस इंदौर से हुआ है। अनुबंधानुसार पुल का कार्य 2 वर्ष में पूर्ण किया जाएगा। उक्त पुल का निर्माण बंगाली चौराहे से 1.50 किलोमीटर की दूरी पर पिपलियाहाना की ओर से एवं 1.50 किलोमीटर की दूरी पर खजराना की ओर जाने वाले भारी वाहनों का यातायात बंद करना अति आवश्यक है। केवल दो या चार पहियों वाले वाहनों का यातायात दोनों तरफ निर्मित 8 मीटर वाले सर्विस रोड से आना-जाना रहेगा। पलासिया तिलकनगर से मानवतानगर बायपास तक का यातायात यथावत रहेगा।

वर्तमान में मुख्य सड़क के यातायात को चारों ओर सर्विस रोड से जोड़कर डायवर्शन रोड का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। प्रथम चरण में यातायात को 15 मार्च से खजराना की ओर से आनेवाले वाहनों को बंगाली चौराहे पार करके सर्विस रोड से पिपलियाहाना की ओर जाने के लिए मार्ग चालू किया गया था।

दूसरे चरण में प्रगतिगत मिक्स लेन को बंद कर कार्य ठेकेदार द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है, जिसके लिए पिपलियाहाना की ओर से बंगाली चौराहे तक आने वाले सभी वाहन बंगाली चौराहा से 400 मीटर पहले सर्विस रोड शकुंतला अस्पताल से यातायात बंगाली चौराहा तक आना प्रस्तावित है। लोक निर्माण विभाग द्वारा यातायात पुलिस से मार्ग परिवर्तन का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में संभागायुक्त आकाश त्रिपाठी ने मौका मुआयना किया और इंजीनियर और ठेकेदार से पूरे मार्ग के निर्माण के बारे में जानकारी ली। ब्रिज को तय समय में बनाने के निर्देश भी दिए।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा आर.ए.सी.पी.सी. इन्दौर के द्वारा श्री त्रिलोकचन्द्र पिता श्री बाबुलाल राठौर निवासी - हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सांवेर जिला इन्दौर को ऋण दिया जाना प्रस्तावित होकर उक्त ऋण के एवज में श्री त्रिलोकचन्द्र राठौर के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र जिसका ई-पंजीयन क्रमांक MP179092018A1823937 दिनांक 22-12-2018 व पंजीकृत संशोधन जिसका ई-पंजीयन क्रमांक MP179092019A1041848 दिनांक 18-01-2019 के माध्यम से क्रय किये हुए उनके मालिकी व आधिपत्य के मकान नंबर एच-10, एच.आय.जी. दिनदयालपूरम (हाउसिंग बोर्ड कालोनी) सांवेर जिला इन्दौर, जिसके भूखण्ड की साईज 216 वर्गमीटर होकर उस पर G+1 मकान निर्मित है, को बंधक किया जाना प्रस्तावित है। परन्तु उपरोक्त उपर वर्णित अचल सपंत्ति से संबंधित पूर्व के असल श्रृंखला दस्तावेज जिसमें पंजीकृत लीज डीड क्रमांक 1अ/201 दिनांक 16-06-2008 जो कि म.प्र. हाउसिंग बोर्ड भोपाल द्वारा सुभाष पिता ओमप्रकाश पटेल के पक्ष में निष्पादित की गई थी एवं इसी प्रकार पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 1अ/869 दिनांक 15-07-2008 जो कि सुभाष पिता ओमप्रकाश पटेल के द्वारा श्रीमती कांताबाई पति श्री दिपचन्द्र जैन के पक्ष में निष्पादित की गई थी, जो कही गुम हो गये है, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी श्री त्रिलोकचन्द्र राठौर द्वारा पुलिस थाना सांवेर जिला इंदौर में दिनांक 07-05-2019 को की गई है। परन्तु उपरोक्त असल श्रृंखला दस्तावेज आज दिनांक तक भी नहीं मिले है। यदि उक्त उपर वर्णित अचल संपत्ति के स्वामित्व एवं आधिपत्य के संबंध में या गुम हुये उक्त असल दस्तावेज के संबंध में या किसी भी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्थान, बैंक आदि का कोई ऋण, भार, बंधक, गिरवी आदी या इस प्रस्तावित ऋण में किसी को कोई उजर, आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर मय लेखी प्रमाण के मुझे या हमारी पक्षकार बैंक में आकर मिले या सूचित करे अन्यथा बाद मियाद हमारे पक्षकार बैंक के द्वारा उक्त ऋण स्वीकृत कर उक्त संपत्ति बंधक कर दी जावेगी और बाद उजर या आपत्ति अमान्य होकर हमारे पक्षकार बैंक के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी।
इंदौर, दिनांक 25/05/2019
**अमित नाहर, एडवोकेट,** डी.एच./स्कीम नं. 74-सी, विजय नगर, इंदौर(म.प्र.), मो.9425062007



FORM A
**PUBLIC ANNOUNCEMENT**
(Under Regulation 6 of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016)
**FOR THE ATTENTION OF THE CREDITORS OF BHATIA COKE & ENERGY LIMITED**

| RELEVANT PARTICULARS | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of corporate debtor | BHATIA COKE & ENERGY LIMITED |
| 2. | Date of incorporation of corporate debtor | 13/06/2008 |
| 3. | Authority under which corporate debtor is incorporated / registered | RoC – Chennai |
| 4. | Corporate Identity No. / Limited Liability Identification No. of corporate debtor | CIN: U40100TN2008PLC101598 |
| 5. | Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor | Village Ketnamallee, Gummidipoondi, Dist-Thiruvallur Village, Ketnamallee, Gummidipoondi, Thiruvallur, Tamil Nadu 601201 |
| 6. | Insolvency commencement date in respect of corporate debtor | 22.05.2019 |
| 7. | Estimated date of closure of Insolvency Resolution Process | 18.11.2019 |
| 8. | Name and registration number of the Insolvency Professional Acting as Interim Resolution Professional | Mr. Motappa Thimmaraya Swamy IBBI/PA-003/IP-N00091/2017-18/10891 |
| 9. | Address and e-mail of the Interim Resolution Professional, as registered with the Board | 228, 5th Main, 5th Cross, Shivakrupa, K.G. Nagar, Bangalore 560019 swamymotappa@gmail.com |
| 10. | Address and e-mail to be used for correspondence with the interim resolution professional | 228, 5th Main, 5th Cross, Shivakrupa, K.G. Nagar, Bangalore 560019 ip.bhatiacoke@gmail.com |
| 11. | Last date for submission of claims | 05.06.2019 |
| 12. | Classes of creditors, if any, under clause (b) of sub-section (6A) of section 21, ascertained by the Interim Resolution Professional | Not Applicable, As per the information available with IRP |
| 13. | Names of Insolvency Professionals identified to act as Authorised Representative of creditors in a class (Three names for each class) | Not Applicable |
| 14. | (a) Relevant Forms and (b) Details of authorized representatives are available at: | a) Relevant forms available at https://www.ibbi.gov.in/home/downloads b) As mentioned in point No. 5 |

Notice is hereby given that the National Company Law Tribunal has ordered the commencement of a corporate insolvency resolution process of the Bhatia Coke and Energy Limited on 22.05.2019.

The creditors of Bhatia Coke & Energy Limited, are hereby called upon to submit their claims with proof on or before 05.06.2019 to the interim resolution professional at the address mentioned against entry No. 10.

The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit the claims with proof in person, by post or by electronic means.

Submission of false or misleading proofs of claim shall attract penalties.

**Date:** 24.05.2019
**Place:** Bangalore

Sd/-
**Motappa Thimmaraya Swamy**
Interim Resolution Professional
IBBI/PA-003/IP-N00091/2017-18/10891


# यूजीसी नेट के एडमिट कार्ड 27 को

**इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) 27 मई को यूजीसी नेट परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी करेगी। पहले एडमिट कार्ड 15 मई को जारी होना थे लेकिन नोटिफिकेशन जारी करते हुए इसे अब 27 मई सुबह 11 बजे के बाद जारी करने का कहा गया है। इन एडमिट कार्ड को एनटीए यूजीसी नेट की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड किया जा सकेगा। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए आवेदकों को अपने लॉगिन आईडी और पासवर्ड की जरुरत पड़ेगी। इसके बिना एडमिट कार्ड को डाउनलोड नहीं कर पाएंगे। किसी भी आवेदक को एडमिट कार्ड ईमेल या डाक के जरिए नहीं भेजे जाएंगे। परीक्षा का आयोजन 20 जून से हो रहा है। इसके पेपर 28 जून तक लिए जाएंगे। परीक्षा के लिए आवेदकों को कुल 180 मिनट का समय मिलेगा। दो पेपर्स के बीच में कोई ब्रेक नहीं मिलेगा। परीक्षा दो शिफ्ट में ली जाएगी। पहली शिफ्ट सुबह 9.30 से 12.30 और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2.30 से शाम 5.30 बजे तक चलेगी।

### इमेल या डाक से नहीं भेजे जाएंगे कार्ड

## श्रम न्यायालय को सौंपने के आदेश

**इंदौर (आरएनएन)।** श्रमायुक्त इंदौर ने सेवानियुक्त और सेवानियोजक के मध्य उत्पन्न विवाद को औद्योगिक विवाद मानकर श्रम न्यायालय को सौंपने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार श्रमायुक्त ने सेवानियुक्त उमेश महाजन एवं सेवानियोजक प्रबंधक प्रोमेड लेबोरेट्रीज प्रा.लि. इंदौर, सेवानियुक्त संतकुमार पिता सीताराम झारिया एवं सेवानियोजक प्रबंधक प्रोमेड जश इंजीनियरिंग प्रा.लि. इंदौर, सेवानियुक्त अमर सिंह पिता मोतीलाल कुशवाह एवं सेवानियुक्त प्रभुलाल विश्वकर्मा सेवानियोजक प्रबंधक वाडाफोन आयडिया प्रा.लि. इंदौर के मध्य उत्पन्न विवाद को औद्योगिक विवाद मानकर प्रकरण श्रम न्यायालय इंदौर को सौंपने के आदेश जारी किए हैं।


ASPIRE HOME FINANCE
A Motilal Oswal Group Company

**Aspire Home Finance Corporation Limited**
मोतीलाल ओसवाल टॉवर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, अपोजिट एसटी डिपो, प्रभादेवी, मुम्बई-400025
ईमेल :- info@ahfcl.com सीआईएन : यू65923एमएच2013पीएलसी248741

**आधिपत्य सूचना (अचल संपत्तियों के लिए)**

जहाँ कहीं एस्पायर होम फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने सिक्यूरीटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेन्सियल एस्सेटस एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इंट्रस्ट कानून 2002का नियम 8 (1) के अनुपालन के साथ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए संबंधित ऋणकर्ताओं को प्रत्येक खातें में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान उपरोक्त सूचना (ओ)की प्राप्ति दिनांक /सूचना की दिनांक से 60 दिवस में करने हेतु बुलाया गया था।
ऋणकर्ता/ओं राशि का भुगतान करने में असफल रहे है, इस एतद सूचना द्वारा ऋणकर्ता/ओं को एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त कानून की धारा 13(4) के साथ सपठित उपरोक्त नियम के नियम 8 के अंतर्गत उनको/उन्हे प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रत्येक खाते के समक्ष दर्शायी गयी दिनांक को नीचे वर्णित सम्पत्ति/यों पर अधिग्रहण कर लिया है।
ऋणकर्ता/ओ को विशेष रूप में एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में चेतावनी दी जाती है कि इन संपत्ति/यों के साथ कोई व्यवहार ना करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार ऋण अनुबंध के अनुसार देय ब्याज एवं राशि के लिए एस्पायर होम फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड के शुल्क के विषयानुसार होगी। ऋणकर्ता ध्यान देवें कि धरोहर सम्पत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समयसीमा हेतु कानून की धारा 13 का उप सेक्शन (8) के प्रावधानों के अनुसार आमंत्रित किया जाता है।

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या/ऋणकर्ता / सह-ऋणकर्ता/प्रतिभूतिकर्ता का नाम | मांगपत्र का दिनांक एवं शेष ऋण राशि | अधिग्रहण का दिनांक | गिरवी संपत्ति/यों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | LXUJJ00316-170043787/ विजय परिहार एवं रीना परिहार | रू. 896471/- के लिये 24-03-2018 | 20-05-2019 | प्लॉट नं.-197 पैकी का उत्तर भाग, वार्ड नं. 40, तिलक नगर, ग्राम तिगारिया, (प्लॉट के पीछे पानी का कुंआ), मंदसौर (म.प्र.)-458001 मध्यप्रदेश |
| 2. | LXUJJ00316-170036790/ पिंकेश गजानन देवड़ा एवं गजानन भँवरलाल देवड़ा विक्रम कुमार गजानंद देवड़ा | रू. 981791/- के लिये 09-06-2018 | 20-05-2019 | एल.एस नं. 701 का भाग, वार्ड नं. 5, जनता कॉलोनी मंदसौर - 458001 उज्जैन मध्यप्रदेश भारत |
| 3. | LXUJJ00315-160017718/ दशरथ रामचंद्र मालवीय एवं ममता दशरथ मालवीय | रू. 1095412/- के लिये 15-12-2018 | 20-05-2019 | क्र सं. 1323, अमलावाडिया रोड, विद्या नगर के सामने, पडियाकाला नागदा उज्जैन अमलावाडिया रोड-456624 उज्जैन मध्य प्रदेश |
| 4. | LXUJJ00316-170037527/ ओमप्रकाश मोतीदास बैरागी एवं कविता ओमप्रकाश बैरागी अजय ओमप्रकाश बैरागी | रू. 1428641/- के लिये 28-05-2018 | 20-05-2019 | सर्वे नं. 1162/2 एवं 1163 का भाग, खाचरोद बायपास के अंदर, पंड्याकला तह-नागदा, , जिला उज्जैन-456335 उज्जैन मध्य प्रदेश |

स्थानः मध्यप्रदेश
दिनांक : 25-05-2019

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी,
(एस्पायर होम फायनेंस कार्पोरेशन लि.)